अमर उजाला 18/09/2023

विद्यार्थियों को बताया पर्यावरण का महत्व

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के जनसंचार विभाग और एसडीजी सेल के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण अनुकूल वातावरण विषय पर एक विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान कॉलेज के परिसर में आयोजित किया गया। इसका उद्‌देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण अनुकूल विषय पर जागरूक करना रहा। कार्यक्रम के संयोजक डा. चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि कॉलेज में विद्यार्थियों को समय-समय पर वातावरण संबंधी शिक्षा, पौधरोपण और पर्यावरण स्वच्छता हेतु जानकारियां दी जाती हैं। इस अभियान में कुणाल, कमल, आकाश, तनु, भारती, रूपाली और खुशप्रीत मौजूद रहे। संवाद